विराट वैभव
जयपुर, सोमवार, 20 नवम्बर, 2023

विश्व शौचालय दिवस 2023 : सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था ने समुदाय,गैर सरकारी संगठन मौसम विभाग नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर के सहयोग से मनाया

जयपर, (विराट वैभव)। सेन्टर फार एडवोकेसी रिसर्च नगर निगम जयपर हैरिटेज, ग्रेटर, समुदाय व एनजीओ ने विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में समुदाय प्रबधंन व सहाय एकल फोरम के सहयोग से आमूखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के स्टेट प्रोग्राम लीड रवि किरण बोकम (सीएफएआर) ने कहा कि "शौचालय प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है क्योंकि हमारा दिन शौचालय तक पहुंच के साथ शुरू होता है और शौचालय तक पहुंच के साथ समाप्त होता है।

हमारी भूमिका सिर्फ इस तक पहुंच बनाना नहीं है, बल्कि इसे स्वच्छ रखना, स्वच्छता मूल्य श्रृंखला का पालन करना और अपने समाज को स्वच्छ रखना है।

सरकार के सहयोग से सभी के लिए अच्छी स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

हमें शौचालयों तक पहुंच पर गर्व महसूस करने की जरूरत है क्योंकि दुनिया में 3.5 अरब लोगों

के पास सुरक्षित शौचालयों तक पहुंच नहीं है।' प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर श्री राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि धरातल पर काम करने के लिए समुदाय के सहयोग की बहुत आवश्यकता रहती हैं ।

अगर आज हम सब स्वछता की बात करते हैं तो बिना समुदाय के वो संभव नहीं इसी के साथ हमें समुदाय में जागरूकता के लिए एक बहुत बड़ी सहायक सामग्री द्रुश्ष्ट हैं जो की हमें ऐसे है गैर सरकारी सगठनो स्टेकहोल्डर के सहयोग की आवश्कता की जरुरत हैं साथ ही जब तक हम इंफ्रास्ट्रक्रर और IEC को मजबूत नहीं करेंगे तब तक हम स्वच्छ जयपुर और शौच मुक्त भारत को आगे नहीं लें जा पाएंगे!

श्री शेखावत ने समुदाय को उनके वोट की महत्ता बताते हुऐ बिना लोभ बिना भटके और बिना किसी प्रलोभन में आये अपना वोट करने की बात कही और साथ ही इसके लिए प्रतिज्ञा दिलाई!

कार्यक्रम में दक्ष समूह, सहाय एकल फोरम, समुदाय प्रबंधन समिति, मेल फोरम आदि संगठनों ने अपने अनुभव को साँझा किया!